Printed Pages – 7

IN-05

B.A. (Part-I) Examination, 2020

हिन्दी साहित्य

Paper - II

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाए गए हैं।

Q. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) जैसे एक शीतल, तीव्र बाण रतन के पैर से घुसकर सिर से निकल गया। मानो उसकी देह के सारे बंधन खुल गए, सारे अवयव बिखर गए, उसके मस्तिष्क के सारे परमाणु हवा में उड़ गए। मानो नीचे से धरती निकल

गई, ऊपर से आकाश निकल गया और अब वह निराधार, निस्पंद, निर्जीव खड़ी है। अवरुद्ध, अश्रु-कंपित कंठ से बोली–घर से किसी को बुलाऊँ ? यहाँ किससे सलाह ली जाए ? कोई भी तो अपना नहीं है।

(ख) पछतावे की एक-दो बात थी। इस आठ साल के जीवन में मैंने पति को क्या आराम पहुँचाया ? वह बारह बजे रात तक कानूनी पुस्तकें देखते रहते थे, मैं पड़ी सोती रहती थी। वह संध्या समय भी मुवक्किलों से मामले की बातें करते थे, मैं पार्क और सिनेमा की सैर करती थी, बाजारों में मटरगश्ती करती थी। मैंने इन्हें धनोपार्जन के एक यंत्र के सिवा और क्या समझा ?

(ग) दोनों इस वक्त शान से बैठे हुए पूरियाँ खा रहे थे। जैसे जंगल में कोई शेर शिकार उड़ा रहा हो। न जवाबदेही का शौक था, न बदनामी की फिक्र। उन भावनाओं को उन्होंने बहुत पहले ही जीत लिया था।

(घ) दीवान ने कहा– 'जानता हूँ, दरोगाजी तो मेल-मुलाकात मानते हैं, पर किसी ने बड़े दरोगाजी के पास शिकायत पहुँचाई है, दरोगाजी को आना ही पड़ेगा। इसी से उन्होंने कहला भेजा है कि भीड़ छाँट दो। वरना कानूनी कार्यवाई करनी ही पड़ेगी।

(ङ) ला, तेरी बाजी मैं खेल लूँ। देख, नये आदमियों के सामने इतराते नहीं हैं। क्या कहेंगे जीजाजी ? छोटी साली ऐसी है...... 'उसे खेल लेने दीजिए न! मालती तुम

जाकर परोस दो। छोटी भाभी, आप बैठिए......' 'अच्छा मैं ही जाती हूँ.......' फिर टट्ठर झनझनाया......।

Q. 2. 'गबन एक सामाजिक समस्या प्रधान उपन्यास है' – इस कथन की समीक्षा कीजिए। **12**

अथवा

उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास का मूल्यांकन कीजिए।

Q. 3. हिन्दी कहानी के विकास के इतिहास पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

'गदल' कहानी की समीक्षा कीजिए।

Q. 4. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(क) 'गबन' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) गबन की जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) कहानी और उपन्यास में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'ठेस' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) शिवानी का जीवन-परिचय लिखिए।

Q. 5. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1×15=15**

(1) 'हिन्दी कथा साहित्य' में कितनी कहानियाँ संकलित हैं ?

(2) 'गदल' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(3) 'गबन' उपन्यास की नायिका कौन है ?

(4) आंचलिक कथाकार किस कहानीकार को कहा जाता है ?

(5) हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?

(6) 'गबन' का प्रकाशन कब हुआ ?

(7) 'रक्खे पहलवान' किस कहानी का पात्र है ?

(8) शिवानी का जन्म कब हुआ था ?

(9) 'सिरचन' किस कहानी का पात्र है ?

(10) द्रुतपाठ के किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(11) 'आकाशदीप' कहानी की नायिका कौन है ?

(12) माधव किस कहानी का पात्र है ?

(13) उपन्यास के कितने तत्त्व हैं ?

(14) प्रेमचन्द पूर्व किसी उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(15) हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम लिखिए।

(16) चम्पा किस कहानी की नायिका है ?

(17) 'जली हुई रस्सी' के कहानीकार का नाम लिखिए।

(18) प्रेमचन्द का जन्म कहाँ हुआ था ?

(19) गदल कहानी में गदल ने किससे पुनर्विवाह किया ?

(20) 'मलवे का मालिक' कहानी के लेखक का नाम बताइए।